दैनिक जागरण 03/04/2024

रंगमंच कार्यशाला में सीखे कला के रंग

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज व कलाश्री के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक विभाग संस्कृत, पंजाबी, अंग्रेजी, हिंदी, जनसंचार विभाग द्वारा सात दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। वर्कशाप में विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन व प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कलाश्री के डायरेक्टर अशोक लहरी ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने दीप प्रज्वलन कर किया। रबनूर और तरुण द्वारा सरस्वती वंदन एवं मनोरमा द्वारा भारत माता की स्तुति प्रस्तुत की गई। प्राचार्य ने कहा कि कालेज सदैव ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इसी संदर्भ में विद्यार्थियों को कला और साहित्य के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए यह महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई है। अशोक लहरी ने बेहद ही सरल एवं रोचक तरीके से विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं जैसे अभिनय कौशल, संवाद कला और नाटकीय प्रस्तुति जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मंच संचालन संस्कृतिक विभाग के प्रभारी डा. राजेंद्र देशवाल द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की सह-संयोजक प्रियंका बालदिया, कलाश्री के डायरेक्टर टीएस दुग्गल, डा. अनीश, डा. रितु गुप्ता, डा. जसवीर कौर, सुषमा शर्मा, सोहन एवं 35 के करीब विद्यार्थी रहे।

- जीएमएन कालेज व कलाश्री के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक विभाग संस्कृत, पंजाबी, अंग्रेजी, हिंदी, जनसंचार विभाग की ओर से रंगमंच वर्कशाप का शुभारंभ

रंगमंच कार्यशाला में शामिल विद्यार्थी • सौजन्य विज्ञप्ति